SANFORD HEALTH

वित्तीय सहायता का सारांश

सैनफोर्ड का व्यापक वित्तीय सहायता कार्यक्रम है। सैनफोर्ड अस्पताल और क्लीनिक, सामूहिक रूप से सैनफोर्ड, किसी भी आपातकालीन और किसी भी अन्य आवश्यक चिकित्सा सेवाओं के लिए वित्तीय सहायता प्रदान करता है और हमारे केंद्रीकृत रोगी वित्तीय सेवाओं के माध्यम से उसका भुगतान किया जाता है। वित्तीय आवश्यकता को प्रमाणित करने वाले मरीजों को बकाया शेष राशि की कमी को पूरा करने से लेकर बकाया शेष राशि को पूरी तरह से माफ करने तक की सहायता प्रदान की जाती है।

मरीजों को सैनफोर्ड वित्तीय सहायता कार्यक्रम के तहत पात्र माना जाता है यदि उनकी घरेलू आय संघीय गरीबी स्तर पर या उसके 375% से कम है। यदि घरेलू आय संघीय गरीबी स्तर पर या उसके 225% से कम है, तो मरीजों को उनकी शेष देय राशि में पूरी रियायत दिए जाने की अर्हता प्राप्त होगी। संघीय गरीबी स्तर के 226% और 375% के बीच की आय वाले मरीजों को बकाया शेष राशि में आंशिक रियायत दी जाएगी। समायोजन के बाद बची हुई शेष राशि उस क्षेत्र के लिए आमतौर पर सैनफोर्ड द्वारा बिल की गई राशि से अधिक नहीं होगी जहाँ सेवाएँ प्रदान की गई थी और वह राशि रोगी को व्यक्तिगत रूप से भुगतान करनी होगी। वित्तीय सहायता नीति के परिशिष्ट I के बारे में सहायता के लिए कृपया स्लाइडिंग छूट शेड्यूल देखें

अपवाद वित्तीय परिस्थितियाँ: यदि आपकी कुल घरेलू आय संघीय गरीबी स्तर के अधिकतम 375% से अधिक है, फिर भी आपने स्वयं को और अपने परिवार को होने वाली कठिनाई का समर्थन करने वाले अतिरिक्त दस्तावेज प्रदान किए हैं, तो सैनफोर्ड मामले के आधार पर सहायता के लिए विशेष रूप से विचार करेगा।

आवेदन, हमारी वित्तीय सहायता नीति की एक प्रति या हमारी वित्तीय सहायता नीति का सारांश कैसे प्राप्त करें। आप हमारी वेबसाइट https://www.sanfordhealth.org/patients-visitors/patient-information/financial-assistance-policy पर जाकर आवेदन या हमारी नीति की एक प्रति प्राप्त कर सकते हैं। www.SanfordHealth.org वेबसाइट पर जाकर और कीवर्ड खोज करने से भी आवेदन उपलब्ध होता है: वित्तीय सहायता। आप हमारी रोगी वित्तीय सेवा कार्यालय से 877-629-2999 पर भी संपर्क कर सकते हैं। ये दस्तावेज़ किसी भी सैनफोर्ड अस्पताल या क्लिनिक में किसी भी पंजीकरण या चेक-इन डेस्क पर भी उपलब्ध हैं। यदि आपको वित्तीय सहायता आवेदन को पूरा करने में अतिरिक्त सहायता की आवश्यकता है तो अस्पताल या क्लिनिक के स्थान के पते के लिए कृपया हमारे रोगी वित्तीय सेवा कार्यालय से 877-629-2999 पर संपर्क करें। **वित्तीय सहायता आवेदन अंग्रेजी, स्पैनिश, जर्मन, हिंदी,**

चीनी, कोरियाई, लाओटियन और वियतनामी में उपलब्ध हैं।

वित्तीय सहायता के लिए आवेदन करना और आवश्यक दस्तावेजीकरण। जितनी जल्दी हो सके सहायता की आवश्यकता वाले मरीजों की पहचान करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। सहायता के लिए विचाराधीन बनने हेतु, सैनफोर्ड को घरेलू आय में योगदान देने वाले किसी भी वेतनभोगी की पिछली दो पेस्लिप की एक-एक प्रति, सभी लागू अनुसूचियों सहित हाल ही के 1040 टैक्स रिटर्न की एक प्रति (टैक्स रिटर्न न होने पर, स्वीकार्य विकल्प, सामाजिक सुरक्षा पुरस्कार पत्र और/या IRS से गैर-फाइलिंग का प्रमाण है) या पारिवारिक आय का अन्य कोई प्रमाण सहित पूरी तरह से भर हुआ आवेदन प्राप्त होना आवश्यक है। यदि लागू हो तो सैनफोर्ड को संपत्ति मूल्यांकन या संपत्ति कर आकलन विवरण की भी आवश्यकता हो सकती है।

आवेदन या पूर्ण आवेदन के बिना वित्तीय सहायता के लिए अनुदान। सैनफोर्ड हेल्थ, सैनफोर्ड वित्तीय सहायता नीति के तहत सहायता के लिए वित्तीय आवश्यकता का अनुमान लगाने के लिए रोगी की जानकारी की व्यवस्थित समीक्षा करने के लिए एक तृतीय पक्ष विक्रेता का उपयोग कर सकता है। यह समीक्षा सार्वजनिक रिकॉर्ड डेटाबेस पर आधारित एक स्वास्थ्य देखभाल उद्योग-मान्यता प्राप्त मॉडल का उपयोग करती है। यह मॉडल सार्वजनिक रिकॉर्ड डेटा का उपयोग करता है ताकि राष्ट्रीय संघीय गरीबी स्तर की तुलना में संकेतक और अनुमानित आय का भुगतान करने की प्रवृत्ति स्थापित हो सके। यह अनुमान मॉडल वित्तीय सहायता आवेदन प्रक्रिया के अतिरिक्त उपयोग किया जा सकता है, या पूरी तरह से उस प्रक्रिया के स्थान पर उपयोग किया जा सकता है।

हमारे वित्तीय सहायता कार्यक्रम की उपलब्धता की अधिसूचना। जितनी जल्दी हो सके सहायता की आवश्यकता वाले मरीजों की पहचान करने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। सैनफोर्ड निम्न प्रकार से इस कार्यक्रम का सार्वजनिक प्रचार करता है (1) हमारे अस्पतालों और क्लीनिकों में पंजीकरण क्षेत्रों में साइन बोर्ड लगाकर (2) सैनफोर्ड वेबसाइट पर नीति, सारांश, और आवेदन उपलब्ध कराकर (3) रोगी बिलिंग विवरण द्वारा, (4) मरीजों और उनके परिवारों को ब्रोशर और अन्य सूचनात्मक सामग्रियाँ देकर और (5) स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं और कर्मचारियों द्वारा संभावित वित्तीय आवश्यकता वाले मरीजों की पहचान करवाकर।

वित्तीय सहायता आवेदन द्वारा कवर की गई सेवाएँ। एक अनुमोदित वित्तीय सहायता आवेदन में सैनफोर्ड सुविधा पर उपलब्ध आपातकालीन और आवश्यक चिकित्सा देखभाल क शुल्कों और हमारी केंद्रीकृत रोगी वित्तीय सेवाओं के माध्यम से बिल की गई राशि का भुगतान शामिल होगा। सैनफोर्ड बिना किसी नए आवेदन की आवश्यकता के स्वीकृति की तारीख के बाद छह महीने तक प्रदान की जाने वाली सेवाओं के शुल्क पर विचार कर सकते हैं।

असाधारण संग्रह गतिविधियाँ: यह निर्धारित करने के लिए उचित प्रयास करने से पहले, कि क्या कोई व्यक्ति जिसका अदत्त खाता है, वित्तीय सहायता के लिए पात्र है या नहीं, सैनफोर्ड असाधारण संग्रह कार्यों जैसे मुकदमा दायर करना या जब्ती में शामिल नहीं होगा।